## न्यूज गैलरी

### पंचायत स्तर तक प्रत्येक लोग कांग्रेस में जोड़ने के लिए चलायेगा अभियान : सुषमा

नामकुम। नामकुम कांग्रेस नवनियुक्त प्रखण्ड अध्यक्ष सुषमा हेम्ब्रम अध्यक्षता में चायबगान स्थित मां काली बाड़ी हॉल में बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि में प्रवक्ता सतीश पौल मुंजनी, वरिष्ठ नेता सुंदरी तिर्की, अमूल निरज खलखो रामानंद पाण्डेय उपस्थित हुए। बैठक के दौरान भारत जोड़ो यात्रा, राज्य सरकार के योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने, पंचायत स्तर तक कार्य करने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान सुषमा हेम्ब्रम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रत्येक पंचायत स्तर तक विशेष टीम का गठन कर जोड़ने कार्य किया करेगी। वहीं राज्य सरकार की ओर से कई योजनाओं को जानकारी के अभाव से वंचित वैसे लाभुकों को पहुंचाने गांव में संपर्क करेगी। सतीश पौल ने कहा कि भारत जोड़ों अभियान में अधिक से अधिक हिस्सा लेकर सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर जीता, डीली मुण्डा, शंकर गोप, सुषमा एक्का, सुजाता, मंजू सहित अन्य प्रत्येक पंचायत के कार्यक्रता उपस्थित थे।

### पानी का पाइप चोरी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार, जेल

रांची। बरियातू पुलिस ने पानी का पाइप चोरी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम अनिल प्रजापति है और वह अरसंडे बस्ती बोड़िया का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ शेख मोहम्मद रफी नामक व्यक्ति ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। रफी ने पुलिस को बताया कि वह आंद्रप्रदेश का रहने वाला है। रांची के चिरौंदी में राधेश्याम के घर पर किराए पर रहता है। बीते पांच अक्तूबर को आरोपी उनके घर में घुसा। घर के बेसमेंट में रखा पानी का पाइप एक ऑटो में लोड करने लगा। लोड करने की आवाज सुनकर वह नीचे उतरे तो देखा कि आरोपी ऑटो में पाइप लोड कर रहा है। आवाज लगाने पर आरोपी ऑटो लेकर भागने लगा। इसी बीच मकान मालिक राधेश्याम पहुंचे और आरोपी का पीछा कर उसे कुछ दूर पर में दबोच लिया। इसके बाद उसकी जमकर धुनाई की और बरियातू पुलिस के हवाले कर दिया।

### रातू आमटांड से दो वर्ष की पुत्री के साथ महिला लापता, अपहरण की आशंका

रातू। रातू थाना क्षेत्र के आमटांड लीची बगान में रहने वाले कुम्हरिया लोहरदगा निवासी रामलाल कुमार साहू, पिता प्रश्न साहू , ग्राम कुम्हारिया, जिला लोहरदगा की पत्नी पुष्पा देवी अपने दो वर्ष की पुत्री खुशी के साथ बुधवार से लापता है। इस संबंध में उसके पति ने कुम्हरिया निवासी निरंजन कुमार पिता किशोर साहु व आशीष कुमार पिता देवेंदर साहू उर्फ नौमजु साहू दोनों ग्राम कुम्हारिया, थाना भंडरा, जिला लोहरदगा पर मिली भगत कर अपहरण करने का मामला रातू थाना में दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि पुष्पा अपने पुत्री के साथ दशहरा में अपने मायके लीची बगान के लिए निकली थी, लेकिन अपने माईके नही पहुंची। बुधवार को उसके माईके वालों ने उसके पति को फोन कर पूछा कि पुष्पा अपने ससुराल गई है क्या। लेकिन वह दोनों ही जगह नही गई तब उसके नहीं आने पर परिवार के लोगो के यहां खोजबीन करने पर पता चला कि वह गांव के आशीष कुमार के साथ घुमती दिखी थी। काफी पूछताछ करने पर आशीष ने बताया कि उसकी पत्नी व बच्ची को कुम्हरिया के निरंजन कुमार ने अपहरण कर अपने साथ ले गया है। रातू पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### युवक ने की आत्महत्या, घर से मिला शव

रातू। थाना क्षेत्र के गोविंद नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के तेतरटोली निवासी तेजु उराँव के 18 वर्षीय पुत्र कमल उराँव के रूप में हुई । जानकारी के अनुसार मृतक कमल उरांव गोबिंद नगर में बसंत उरांव के घर में आठ माह से किराये पर रह कर नगर निगम का ट्रैक्टर चलाता था। दो दिनों से दिखाई देने पर शुक्रवार को मकान मालिक उसके कमरे में गया तो अंदर से दरवाजा बंद मिला। काफी आवाज देने पर अंदर से कोई जबाव नहीं मिलने पर वेंटिलेटर से झांकने पर देखा कि वह लोहे के एंगल में रस्सी के सहारे लटका है। सूचना मिलने पर पहुंची रातू पुलिस ने दरवाजा को धक्का देकर घर के अंदर गये तो देखा कि युवक मृत लटका है। रातू पुलिस ने रस्सी काटकर उसे नीचे उतारा एवं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भेजा दिया है। इस संबंध में मृतक के भाई बबलू उरांव ने रातू थाने में केश दर्ज कराया है । समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या के कारणों का पता नही चल पाया है।

### 50 लाख रुपये की राशि राजीव कुमार को देने का आरोपी भी है

# कोरोबारी अमित अग्रवाल को ईडी ने किया गिरफ्तार



**प्रेम प्रकाश की पूछताछ में आया था संजय व अमित का नाम**

**राज्य में अवैध खनन से जुड़े पैसों की मनी लाउंड्रिंग में भी अमित अग्रवाल का नाम आया है। सत्ता के गलियारों में चर्चित नाम रहे पॉवर ब्रोकर प्रेम प्रकाश ने भी अमित अग्रवाल व संजय चौधरी का नाम लिया था। प्रेम प्रकाश ने बताया था कि अवैध खनन के अर्जित पैसे कोलकाता भेजे जाते थे। ईडी की टीम यह भी पड़ताल कर रही है कि पैसों को हवाला के जरिए विदेश भेजा गया है या नहीं।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। अमित अग्रवाल से देर रात तक ईडी के रांची स्थित जोनल आफिस में पूछताछ की थी। ईडी के सूत्रों के मुताबिक, अमित अग्रवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहा था। झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की बंगाल पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी के मामले में अमित अग्रवाल शिकायतकर्ता रहा है। अमित के द्वारा ही 50 लाख रुपये की राशि राजीव कुमार को दी गई थी। जिसके बाद राजीव कुमार को कोलकाता के क्वेस्ट मॉल से पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अमित अग्रवाल ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य लोगों के खिलाफ शेल कंपनियों व अवैध खनन से जुड़ी याचिका को मैनेज करने के नाम पर राजीव कुमार के द्वारा उसे ब्लैकमेल किया जा रहा था। बंगाल पुलिस ने तब अमित अग्रवाल के द्वारा दिए 50 लाख रुपये के साथ राजीव कुमार को ट्रैप किया था। इस मामले में बाद में ईडी के रांची जोनल आफिस में मनी लाउंड्रिंग का केस दर्ज हुआ था। अधिवक्ता राजीव कुमार फिलहाल इसी मामले में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को अमित अग्रवाल को शुक्रवार को एयरपोर्ट के समीप से ईडी ने उठाया था। इसके बाद उससे रांची जोनल आफिस में पूछताछ की जा रही।

#### सोनू अग्रवाल के जरिए हुई थी राजीव कुमार से बातचीत

ईडी की जांच में पूर्व में यह बात सामने आयी थी कि अधिवक्ता राजीव कुमार 31 जुलाई को गिरफ्तारी के पूर्व जुलाई की 13 तारीख को भी कोलकाता गए थे। सोनू अग्रवाल ने राजीव कुमार के लिए एयर टिकट व होटल की व्यवस्था की थी। सोनू अग्रवाल के करीबी विष्णु अग्रवाल ने राजीव कुमार को टिकट भेजा था। इस मामले में ईडी पूर्व मे सोनू व विष्णु अग्रवाल से भी पूछताछ कर चुकी है। पूर्व में ईडी ने इस मामले में अमित अग्रवाल से भी अगस्त महीनें में लंबी पूछताछ की थी।

## टेंपो से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल, अस्पताल रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड नरकोपी थाना क्षेत्र के मुड़कट्टी गांव स्थित कमल टोली मोड़ के समीप सवारी टेंपो से गिरकर 50 वर्षीय महिला महादेई देवी पति मंगरा उरांव तुतलो के मसियातु नवाटोली निवासी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना विगत बुधवार की शाम करीब 6:00 बजे के आसपास की है। इधर घटना के बाद उक्त टेंपो से ही घायल महिला को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डॉक्टर प्रियंका ने सड़क दुर्घटना में घायल महिला महादेई देवी का प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इधर सीएचसी बेड़ो में घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए घायल महिला की बेटी पुष्पा कुमारी ने बताया कि वे अपनी मां भाई और एक अन्य बहन के साथ मेला देखने हेतु चट्टी मेला जतरा गए थे। वहीं वापस घर लौटने के दौरान अचानक मेरी मां चलती गाड़ी से गिर कर घायल हो गई। सड़क दुर्घटना में घायल महिला के बाएं हाथ समेत सर में गंभीर चोटें आई है। वहां पर मौजूद लोगों ने तुरंत उठाकर उस महिलाओं को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जिससे चिकित्सकों को फौरन इलाज शुरू कर दिया।

### एनएसएस एडवाइजरी कमिटी की वार्षिक बैठक सम्पन्न

## कृषि प्रसार गतिविधियों में एनएसएस की सहभागिता पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कुलपति डॉ। ओंकार नाथ सिंह की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एडवाइजरी कमिटी की वार्षिक बैठक सम्पन्न हुआ। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि विगत दो वर्षो से विश्वविद्यालयअधीन एनएसएस गतिविधियों में काफी बढ़ोतरी हुई है। पहली बार विवि के सभी 7 यूनिट ने अमृत महोत्सव पखवाड़ा व्यापक ढंग से मनाया, जिसमें छात्रों की काफी सराहनीय भागीदारी रही। आज की परिस्थिति में कृषि विवि के छात्रों को कृषि प्रसार गतिविधियों में जोड़ने की आवश्यकता है। किसान दिवस, महिला दिवस तथा कृषि विभाग के योजना के कार्यक्रमों में एनएसएस के माध्यम से छात्रों को जोड़ना चाहिए। इससे छात्रों को किसानोपयोगी गतिविधियों के अनुभव का लाभ मिलेगा। पशुधन विकास एवं पशु रोग चिकित्सा के कार्यक्रमों में भी एनएसएस के माध्यम से छात्रों की सक्रिय भागीदारी बढाया जाय। रीजनल डायरेक्टर (एनएसएस, पटना) पियूष परांजपे ने बताया कि इस वर्ष से एनएसएस की यूनिट गतिविधि की बजट में करीब दुगुनी बढ़ोतरी की गयी है। साथ ही अनेकों नये मासिक कार्यक्रम जोड़े गये है। ताकि एनएसएस के उद्देश्यों को व्यापकता दी जा सके। इनमें पोषण माह, भारत छोड़ो आंदोलन माह और स्वच्छता माह प्रमुख है। मौके पर स्टेट एनएसएस पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने झारखण्ड प्रदेश में एनएसएस की बढ़ती गतिविधियों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। बैठक में यूनिवर्सिटी एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ बीके झा ने पिछली बैठक दिनांक 17।08,2022 की कार्यावली एवं कार्य योजना प्रतिवेदन तथा आगामी वर्ष की कार्य योजना को प्रस्तुत किया। जिसे एनएसएस एडवाइजरी कमिटी ने सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही विवि में कार्यरत सभी 7 एनएसएस यूनिट के निधि आवंटन एवं वितरण को स्वीकृति प्रदान की गयी।

## किराए का मकान लेने के नाम पर 2.23 लाख रुपए की ठगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के रामेश्वरम के रहने वाले डॉक्टर उपेंद्र प्रसाद साहु से किराए पर मकान लेने के नाम पर उनसे 2.23 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। साइबर ठगों ने इस वारदात को बीते चार अक्तूबर को अंजाम दिया है। इस संबंध में डॉ उपेंद्र ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**एडवांस भेजने के नाम 1.23 लाख उड़ाए :** डॉ उपेंद्र ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने फ्लैट किराया में लगाने के लिए ओलेक्स पर विज्ञापन डाला था। चार अक्तूबर को एक व्यक्ति ने उनके मोबाइल नंबर फोन किया और कहा कि उन्हें फ्लैट भाड़ा पर लेना है। इसके बाद आरोपी ठग ने बातचीत तय होने के बाद उन्हें एडवांस देने की बात कही। उनके एकाउंट नंबर पर उन्हें पांच रुपए भेजा। कनफर्म करने के बाद आरोपी ठग ने उनसे कहा कि सरवर डाउन है, इसलिए एडवांस की राशि उन्हें पांच अक्तूबर को भेजेंगे। पांच अक्तूबर को आरोपी ठग ने उनसे कहा कि वह एडवांस की राशि भेज रहा है। एकाउंट नंबर कंफर्म करें। बातों में फंसा कर आरोपी ने खाते की पूरी जानकारी ले ली। कुछ देर के बाद उनके खाते से 31995, 31995, 20 हजार, 14 हजार और 25 हजार रुपए कट गए।

**वापस करने के नाम पर दूसरे खाते से भी उड़ाया एक लाख :** साइबर ठग ने डॉक्टर के खाते से उड़ाए पैसे को वापस करने के नाम पर भी उन्हें ठगी का शिकार बनाया। आरोपी ठग ने डॉक्टर से कहा कि पैसा उन्हें वापस करना है। इस खाते में राशि वापस नहीं होगी। दूसरा खाता देने की बात कही। डॉक्टर ने आरोपी को दूसरे बैंक का खाता नंबर उसे उपलब्ध करा दिया। इसके बाद 49995 और 49995 करके दो बार उस खाते से भी ठगों ने अवैध निकासी कर ली।


बरियातू थाना क्षेत्र के रामेश्वरम के रहने वाले डॉक्टर उपेंद्र प्रसाद साहु से किराए पर मकान लेने के नाम पर उनसे 2.23 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। साइबर ठगों ने इस वारदात को बीते चार अक्तूबर को अंजाम दिया है। इस संबंध में डॉ उपेंद्र ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**एडवांस भेजने के नाम 1.23 लाख उड़ाए :** डॉ उपेंद्र ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने फ्लैट किराया में लगाने के लिए ओलेक्स पर विज्ञापन डाला था। चार अक्तूबर को एक व्यक्ति ने उनके मोबाइल नंबर फोन किया और कहा कि उन्हें फ्लैट भाड़ा पर लेना है। इसके बाद आरोपी ठग ने बातचीत तय होने के बाद उन्हें एडवांस देने की बात कही। उनके एकाउंट नंबर पर उन्हें पांच रुपए भेजा। कनफर्म करने के बाद आरोपी ठग ने उनसे कहा कि सरवर डाउन है, इसलिए एडवांस की राशि उन्हें पांच अक्तूबर को भेजेंगे। पांच अक्तूबर को आरोपी ठग ने उनसे कहा कि वह एडवांस की राशि भेज रहा है। एकाउंट नंबर कंफर्म करें। बातों में फंसा कर आरोपी ने खाते की पूरी जानकारी ले ली। कुछ देर के बाद उनके खाते से 31995, 31995, 20 हजार, 14 हजार और 25 हजार रुपए कट गए।

**वापस करने के नाम पर दूसरे खाते से भी उड़ाया एक लाख :** साइबर ठग ने डॉक्टर के खाते से उड़ाए पैसे को वापस करने के नाम पर भी उन्हें ठगी का शिकार बनाया। आरोपी ठग ने डॉक्टर से कहा कि पैसा उन्हें वापस करना है। इस खाते में राशि वापस नहीं होगी। दूसरा खाता देने की बात कही। डॉक्टर ने आरोपी को दूसरे बैंक का खाता नंबर उसे उपलब्ध करा दिया।


## लापुंग प्रखंड मुख्यालय और दोलैचा में निकाली गई भव्य विसर्जन शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग ।** लापुंग प्रखंड के लापुंग प्रखंड मुख्यालय और दोलैचा में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ ढोल नगाड़े गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते विसर्जन शोभा यात्रा निकालकर के तालाब और बांध में शुक्रवार को देर शाम और रात में विसर्जित किया गया। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति लापुंग के तत्वाधान में पदाधिकारियों की देखरेख में गाजा बाजा गुलाल आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा निकालकर प्रतिमाओं को सापुकेरा बांध में विसर्जित कर दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार की देखरेख में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सजल नेत्रों से मां को लोगों ने विदाई दी ।इसके पूर्व दुर्गा पूजा समिति लापुंग के तत्वाधान में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर में भक्ति गीत तथा रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंगारंग भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत



उद्धघाटन मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने फीता काटकर किया । उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि मां दुर्गा नारी शक्ति का सृजनकर्ता हैं । दशहरा हमें बुराई के ऊपर अच्छाई की तथा असत्य पर सत्य की विजय का बोध कराता है । उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक साहु, उपाध्यक्ष सुदामा महली, सचिव विशेश्वर साहु, कोषाध्यक्ष श्यामा प्रसाद सिंह, संरक्षक गोबर्धन जयसवाल, विरेंद्र साहु, कार्यकारिणी समिति के सदस्य चन्द्रमोहन ठाकुर, सोनु साहु,पंकज साहु,जसपाल साहु, संदीप साहु, सौरभ जयसवाल योगेश्वर साहु, चरकु साहु, विजय सिंह, सत्यनारायण पाठक, इंद्रजीत राय, राम प्रसाद साहु, सुजीत कुमार, बिरेंद्र साहु सहित कई लोगों ने विसर्जन शोभायात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर दोलैचा में दुर्गा पूजा पंडाल से पूरी श्रद्धा और भक्ति तथा गाजा बाजा और ढोल नगाड़े के साथ भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान मुख्य रूप से श्री श्री दुर्गा पूजा समिति दोलैचा के अध्यक्ष कंचन कुमार साहु उर्फ बबलु साहु, सचिव रामगोविंद साहु, कोषाध्यक्ष नीलकमल साहु, पूजा कमेटी के सदस्य रोहित साहु, अमित भगत, ब्रह्मदेव, मंटु भगत, राजेश साहु, जटू साहु, नारायण साहु, गणेश साहु, ब्रजेश भगत, अनु भगत, शशी साहु,राजेश किशोर, अंकित, सोनु, राहुल प्रकाश, नितेश सहित सैकड़ों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान पुलिस अवर निरीक्षक मनीष कुमार पूर्ति तथा सुशील कुमार मरांडी सहित पुलिस के पदाधिकारियों ने अपनी देखरेख में प्रतिमाओं का विसर्जन कराया।

## ग्रामीण सड़क-पुल निर्माण में लापरवाही बरतनेवाले ठेकेदारों पर होगी कड़ी कार्रवाई

रांची। ग्रामीण कार्य सचिव अजय कुमार सिंह ने ग्रामीण सड़क निर्माण की सारी पेडिंग योजनाओं को हर हाल में समय पर पूर्ण करने का निर्देश इंजीनियरों को दिया है। प्रोजेक्ट भवन सभागार में शुक्रवार को सचिव राज्य के सभी कार्यपालक अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस बैठक में विभाग के मुख्य अभियंता सहित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे। सचिव ने चालू योजनाओं की समीक्षा की और जिन योजनाओं के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है उस पर हर हाल में काम प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इसके अलावा स्वीकृत योजनाओं का टेंडर आदि की पूरी प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा। काम में लापरवाही बरतनेवाले ठेकेदारों पर भी कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश उन्होंने दिया। सचिव ने कहा कि बारिश के कारण कई ग्रामीण सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। ऐसे में इन सड़कों को चिन्हित करते हुए अविलंब मरम्मत की जाये। मुख्यमंत्री ग्राम्य सेतु योजना से पुल निर्माण और डीपीआर निर्माण की स्थिति का भी सचिव ने जायजा लिया। सचिव ने पीएमजीएसवाइ योजना से बन रही सड़कों पर तेजी से काम करने को कहा। इसके साथ ही जिन योजनाओं की स्वीकृति केंद्र से लंबित है उसके लिए केंद्रीय अधिकारियों से वार्ता करके योजनाएं स्वीकृत कराने का निर्देश भी दिया। इस बैठक में विशेष सचिव राम कुमार सिन्हा, अभियंता प्रमुख मुरारी भगत, मुख्य अभियंता जय प्रकाश सिंह, मुख्य अभियंता विरेंद्र राम, मुख्य अभियंता अजय रजक, सभी अधीक्षण अभियंता, सभी कार्यपालक अभियंता एवम मुख्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिन विधायकों द्वारा अब तक 10 करोड़ रुपये तक के सड़क निर्माण व सेतु निर्माण के लिए अनुशंसा नहीं की गयी है।

# बेड़ो में जांच के बाद सात ग्रामीण डेंगू बीमारी से पीड़ित पाये गये

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो बाजार टांड़ के समीप खून जांच के बाद सात ग्रामीण डेंगू बीमारी से पीड़ित पाए गए हैं। जिससे ग्रामीणों के बीच भय और कोहराम मच गया है। इसकी जानकारी व सूचना स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार के पूर्व सह सेवानिवृत निदेशक प्रमुख डॉ. प्रवीण चंद्रा ने बेड़ो के बीडीओ, सीओ व चिकित्सा प्रभारी को दिया है। इधर जिला से बेड़ो पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बेड़ो राहत व जनजागरण चलाया। वहीं बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार व सीओ सुमंत तिर्की ने अपने संयुक्त हस्ताक्षर से बेड़ो शहरी क्षेत्र में तेजी से फैल रहे डेंगू के संक्रमण की रोकथाम की समुचित व्यवस्था के लिए सिविल सर्जन रांची को एक पत्र भेजा है। वहीं पूर्व निदेशक प्रमुख डॉ प्रवीण चंद्रा ने बताया कि बेड़ो क्षेत्र में ब्लड जांच के बाद सात लोग डेंगू से पीड़ित पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बीमारी



एडिस नामक मच्छर के काटने से होता है।यह दिन में ही काटता है। साथ ही साफ पानी में पनपता है।

### डेंगू बीमारी के लक्षण

डॉक्टर प्रवीण चंद्रा ने बताया कि इस बीमारी में मरीज को बुखार, बदन हाथ व सिर पर दर्द,उल्टी,मसूढ़ा व शरीर लाल चकत्ते के साथ साथ खून भी निकलने का लक्षण दिखाई देता है। साथ ही काला दस्त भी होता है।

### डेंगू बीमारी से बचाव के तरीके

स्वास्थ्य विभाग के पूर्व निदेशक प्रमुख डॉ प्रवीण चंद्रा ने डेंगू बीमारी के बचाव के संदर्भ में बताया कि घरों के आसपास बर्तनों व टायरों आदि में पानी जमा नहीं होने दें। उन्होंने कहा कि एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। इसीलिए साफ पानी को अनावश्यक रूप से बर्तनों में नहीं रखें। साथ ही नाली व जलजमाव वाले जगहों पर मिट्टी तेल स्मूथ अन्य चीजों की छिड़काव करें। साथ ही बीमारी का लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जायें और खून की जांच कराएं। जिससे डेंगू के फैलाव पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि डेंगू की शुरूआत दिल्ली में हुई थी। इसके बाद यह जमशेदपुर पहुंचा। अब यह बेड़ो प्रखंड भी आ पहुंचा।

### जिला की जांच टीम ने लोगों का सैंपल लिया,आज होगी जांच : बीडीओ

बेड़ो के बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि बेड़ो क्षेत्र में फैल रहे डेंगू के संक्रमण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच टीम को बेड़ो भेजा। इस संदर्भ में रांची के डीसी व सीएस को एक पत्र भेजा गया है। जिला प्रशासन द्वारा गठित जांच टीम अधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार को दोपहर बेड़ो पहुंची। साथ जांच टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए डीडीटी व अन्य रासायनिक दवाओं का छिड़काव किया। जांच टीम ने लोगों का सैंपल लिया। वहीं शनिवार को सैंपल की जांच जिला टीम के द्वारा की जाएगी।

### डेंगू की रोकथाम के लाभ डीसी व सीएस को पत्र लिखा गया है : सीओ

बेड़ो के सीओ सुमंत तिर्की ने कहा कि बेड़ो क्षेत्र में डेंगू के रोकथाम को लेकर डीसी व सीएस रांची को पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में बीमारी की रोकथाम को लेकर डीडीटी छिड़काव व दवाओं का फॉगिंग किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों के बीच जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

### सीएचसी बेड़ो में डेंगू की जांच की व्यवस्था नहीं है : चिकित्सक

सीएचसी बेड़ो के चिकित्सक डॉ सुमन एक्का ने कि यहां डेंगू की जांच की व्यवस्था नहीं है। उपचार के लिए एंटीबायोटिक व पारासिटा मोल जैसी दवाएं उपलब्ध है।

## बेड़ो में प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** महादानी मंदिर बेड़ो के परिसर स्थित दुगार्बाडी. से श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा शुक्रवार की शाम मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन किया गया। वही प्रखंड के खत्रीखटंगा, पाकलमेड़ी, तुको, घाघरा, ईट्टाचिल्द्री व मुरतो गांव में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न जलाशयों में विसर्जन किया गया। वहीं मां दुर्गे की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही दस दिवसीय दुर्गा पूजा समारोह शांति और सौहार्दपूर्ण के साथ सम्पन्न हो गया। वहीं श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दिया। वहीं अगले वर्ष जल्द आने का निमंत्रण भी मां को दिया। कुछ पूजा पंडालों की प्रतिमा का विसर्जन बुधवार को ही हो गया था। इधर प्रतिमा विसर्जन से पूर्व मां दुर्गा की पूजा की गई। जहां माता रानी के अंतिम दर्शन के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन कर लोगों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दिया। वहीं प्रतिमा विसर्जन के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर सीओ सुमंत तिर्की व थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता सशस्त्र बलों के साथ मौजूद थे। इधर कार्यक्रम को सफल बनाने में महासमिति के पदाधिकारियों, सदस्यों व श्रद्धालुओं ने सराहनीय योगदान दिया।

## न्यूज गैलरी

### जीवन का एक अहम हिस्सा है खेलकूदः विधायक भूषण बाड़ा



**कुरडेग।** प्रखंड के गरियाजोर में नवाखानी पर्व के अवसर में 13 दिवसीय ट्रिपल खस्सी टूर्नामेंट का फाईनल मैच खेला गया। नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च गरियाजोर में आयोजित प्रतियोगिता में सवा कदमटोली की टीम ने हेठमा हिनगिर को 2–0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता की विजेता एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक सह मुख्य उपसचेतक भूषण बाड़ा ने खस्सी देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि खलकूद जीवन में बहुत जरुरी है। यह जीवन का एक अहम हिस्?सा रहा है। खेल अब रोजगार बनाने का उत्?तम जरिया बन चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार भी खेलों के विकास एवं खेलों के उत्थान के खेल नीति बनाई है। इससे खिलाड़ियों में एवं खेल प्रेमियों में उत्साह है। यही कारण है कि हॉकी के बाद अब फुटबॉल खेल में भी राज्य कई गई बेटियां फीफा वर्ल्ड कप के लिए इंडिया टीम में शामिल हुई है। विधायक भूषण बाड़ा ने राज्य सरकार की योजनाओं की भी जानकारी दी। साथ ही लोगों को योजना का लाभ लेने के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोनल लकड़ा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा,उप प्रमुख सिलबेश्टर बघवार,विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, पादरी जोशोन तिर्की,मुखिया प्रतिभा कुजूर,पंचायत समिति सबिता लकड़ा, आदि उपस्थित थे।

### किशोरी ने खाया जहर, स्थिति गंभीर

**कुडू/लोहरदगा।** चंदवा थाना क्षेत्र के हेसलांग गांव में शुक्रवार 7 अक्टूबर की सुबह किसी बात से नाराज होकर गांव निवासी जतरू मुंडा की एक 16 वर्षीय बालिका ने विषाक्त पदार्थ खा लीया। हालत गंभीर होने पर बालिका को परिजनो ने कुडू सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### भंडरा में आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बैठक



**भंडरा / लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय परिषर स्थित सभागार कक्ष में गुरुवार को कार्यपालक दंडाधिकारी सह वरीय प्रभारी अमित कुमार बेसरा की अध्यक्षता में आगामी विशेष कार्यक्रम आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बैठक की गई। बैठक में अमित कुमार बेसरा ने कहा कि सरकार के निदेर्शों को पालन करते हुए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाना है। सरकार आपके द्वार के तहत ग्रामीणों की समस्याओं को जानने और उनके समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाना है उनके बीच सरकार के योजनाओं के बारे में जानकारी देना है। बैठक में प्रमुख बरिया उरांव बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता , बीस सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत, विधायक प्रतिनिधि मिठू उरांव, मुखिया, सुमित उरांव, परमेश्वर महली, इंद्रदेव उराँव , कइली उरांव एवं पंचायत समिति सदस्य सहित पंचायत सेवक , जनसेवक आदि उपस्थित थे।

### टाउनशिप सीडी दुर्गा पूजा समिति ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप सीडी सेल कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति द्वारा मूर्ति विसर्जन के पूर्व कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उदघाटन समिति के अध्यक्ष सेल अधिकारी भगवान पाणिग्रही और दिवाकर उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्यों को सफलतापूर्वक पूजा आयोजन करने के लिए अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि समिति के संरक्षक विधायकभानु प्रताप शाही द्वारा पूर्व में दी गई तलवार को भेंट की गई। इसके बाद सबसे अधिक सहयोग राशि देनेवालों में प्रथम स्थान पर रहे सेल अधिकारी महावर साहब, द्वितीय स्थान पर रहे दीपक सिंह और तृतीय स्थान पर रहे विक्रम उपाध्याय को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद प्रशासन से आए पुलिस अधिकारी , समिति के सदस्य सह पूजा के यजमान दिवाकर उपाध्याय, उप कोषाध्यक्ष जे के तिवारी, सचिव दीपक सिंह ,मधुसूदन पाठक, विवेक उपाध्याय, कमल महावर, पंकज कुमार, सुनील कुमार को सम्मानित किया गया। पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में विधायक भानु प्रताप शाही, उपमुखिया वैश खान , सेल महाप्रबंधक मनोज कुमार, संघ के मनु उपाध्याय, सतीश दूबे , दीपक सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन संजय राय भट्ट द्वारा किया गया।

### नपाध्यक्ष ने सोलरयुक्त लालटेन वितरण योजना का लोकार्पण करने की मांग की

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र प्रेषित कर श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों व मध्यम वर्गीय परिवार के बीच सोलरयुक्त लालटेन वितरण योजना का लोकार्पण करने की मांग किया है .प्रेषित पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र में 17 वार्ड हैं, जिसमे गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले,आदिवासी परिवार के लोगों की संख्या काफी है .मध्यम वर्गीय परिवार के लोगो को भी कुछ लाभ से वंचित रखना पड़ता है .सभी वार्डो को मिलाकर लगभग 7 हजार प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया गया है,जिसमे कुछ मध्यम वर्गीय परिवार वंचित रह गये है,जिन्हें आज तक कोई लाभ नही मिल सका है .वैसे लोगो व प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच सोलरयुक्त लालटेन वितरण किया जाना चाहिये ताकि सभी वंचित परिवार इस योजना से लाभान्वित हो सकें। इससे लोगो को काफी राहत मिलेगा।

## जीईएल चर्च पुरनापानी का 21वां वार्षिक युवासंघ सम्मेलन का हुआ आयोजन

# युवाओं को मार्गदर्शन करने की जरूरत : पंकज

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखण्ड के कुरकुरा पुरनापानी में शुक्रवार को 21 वां वार्षिक युवासंघ सम्मेलन जीईएल. चर्च पुरनापानी मण्डली में हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। सम्मेलन में ठेठईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज एवं विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग उपस्थित हुए। जिनका भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने कहा-हम राजनीति पार्टी से हो कर के आए हैं लेकिन राजनीति का बात नहीं करेंगे क्योंकि धार्मिक सम्मेलन में आए हैं तो धार्मिक एवं आत्मिक बातें करेंगे। आज हमारे समाज के युवा एवं युवतियां किस ओर जा रहे हैं। महंगे महंगे बाइक महंगे महंगे मोबाइल उसी में रात दिन खोए रहते हैं। इसके चलते हमारा समाज अंधकार की ओर जा रहा है। मुझे खुशी है यहां अधिक से अधिक संख्या में जवान और युवतियां उपस्थित हैं और आत्मिक लाभ लेने के लिए लालायित है। आप एक सच्चे मसीही हैं या लोगों को दिखाने वाला मसीह क्योंकि एक सच्चे मसीही और दिखावा करने वाले मसीह में बहुत अंतर होता है। अगर आप सच्चे मसीही नहीं है। तो समय रहते ही आप एक अच्छे मसीही बनने की कोशिश करें। विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग ने भी अपने संबोधन में कहा कि आइए आज हम जानते हैं। एक सच्चे मसीही का जीवन कैसा होना चाहिए। लोग फल से पेड़ को पहचानते हैं। अच्छी पेड़ अच्छी फल देती है। आप बुरे पेड़ से अच्छे फल की आशा नहीं कर सकते। अगर आपके सामने एक अच्छे और एक बुरे फल रखा जाए तो आप कौन सा फल को चुनेंगे। मौके पर उपासना सुश्री अनीता टोपनो ,केरिया पाहनटोली मंडली, सभापति अनीता डांग डोभापानी मंडली, आलेखन सचिव सुश्री सुष्मिता बुड़ सलडेगा मंडली, परिचय विनोद कंडुलना कहुपानी पेरिस काउंसिल युवा संघ, कार्यक्रम में रेभ. एन किंबो,रेभ.ए लकडा,रेभ.एम कन्डुलना,रेभ.क सलन मुण्डु, सभापति सुश्री नीलिमा जोजो, उपसभापति विनोद कंडुलणा, सचिव संजय आईंद, महासचिव अजय केरकेट्टा, कोषाध्यक्ष नूतन डांग एवं काहुपानी पेरीस काउंसिल के सभी मंडली के माता-पिता भाई-बहन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे।




# आम पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, परिवार में छाया मातम

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत अरु पंचायत ग्राम में अरु निवासी भौका पाहन के 26 वर्षीय पुत्र गणेश उराँव का शव आम पेड़ से लटका हुआ मिला। जिसे देख परिजनों के बीच मातम छा गया। घटना की जानकारी परिजनों को अहले सुबह हुई। बताया जाता है कि घर के सदस्य सुबह में शौच के लिए बारी के ओर गये तो देखा कि गणेश उराँव का शव आम पेड़ से लटका हुआ है। जिसके बाद शोर गुल्ल सुन परिजनों ने आनन फानन में शव को पेड़ से उतार कर सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गया। जहां चिकित्सकों ने जाँच कर मृत घोषित कर दिया। वहीं इस घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत को मिलते ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 श्रीकांत दास,पवन सोरेन दल बल के साथ अस्पताल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए अग्रेतर कारवाई में जुट गये। वही परिजनों ने बताया की गणेश उराँव रात्रि में खाना खा कर अपने कमरे में सोने गया। हम सभी लोग भी सो गए। घटना कब हुआ इसकी जानकारी किसी को नही है। किसी लड़की के साथ प्रेम प्रसंग दो वर्षों से चल रहा था और उस लड़की को घर लेकर आया था। लेकिन घटना के पहले लड़की चली गई। वही प्रशासन ने घटना को संदिग्ध बताते हुए कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के उपरांत ही घटना का खुलासा होगा। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि प्रथम दृष्टया फांसी लगाकर आत्महत्या होना प्रतीत हो रहा है। परन्तु इस घटना में परिजनों द्वारा बताने के अनुसार संदिग्ध मानते हुए सभी पहलू पर जांच किया जा रहा है।

# फीफा विश्व कप अंडर-17 महिला वर्ग में कमान संभालेग गुमला की बेटी

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>

**गुमला।** फीफा विश्व कप अंडर 17 महिला वर्ग में गुमला की बेटी अष्टम उरांव भारतीय टीम का कमान संभालेगी। यह पहला मौका है जब झारखण्ड की किसी बिटिया को यह गौरव हासिल हुआ है।

गुमला जिला के बिशुनपुर प्रखंड के अंतर्गत बनारी पंचायत के सुदूर बस्ती गौराटोली के निवासी हीरालाल उरांव एवं तारा देवी की बिटिया अष्टम उरांव का चयन अंडर-17 भारतीय महिला फुटबॉल टीम के कप्तान के रूप में होने से इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है। सूचना मिलते ही पूरे राज्य जिला एवं ग्रामीण क्षेत्र में लोगों ने खिलाड़ी बिटिया को बधाई देते हुए उसके हौसले को सराहा है। भारतीय टीम में चयन होना और साथ ही कप्तान का दायित्व मिलना अष्टम उरांव व उसके माता पिता के लिए किसी सपने के पूरे होने जैसा है। तमाम अभाव के बीच भी अपनी लगन और जिद के दम पर बिटिया अष्टम ने यह मुकाम ग्रामीण क्षेत्र के संसाधन विहीन उबड़ खाबड़ पथरीली मैदान में खेलकर हासिल किया और अब वर्ल्ड क्लास स्टेडियम में अपनी खेल प्रतिभा का जौहर बिखेरेगी। क्षेत्रवासी इससे गौरवान्वित हैं।उसके मां बाप व पास पड़ोस के लोग अत्यंत प्रफुल्लित हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल की टीम जब अष्टम उराँव के गांव और उनके घर पहुंची तो अष्टम के माता-पिता की आँखों मे खुशी के आँसू उमड़ पड़े। उन्होंने कहा कि अपने बेटी पर गर्व महसूस हो रहा है कि उनके बेटी के कारण आज उन लोगों का नाम भी रोशन हो रहा है। अपने बुरे दिन को याद करते हुए कहा कि घर की हालत दयनीय होने के बावजूद भी माड़ भात और साग खाकर अष्टम ने अटूट परिश्रम किया। इस परिश्रम का परिणाम है कि आज उन्हें इंडिया टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। वहीं मुखिया बसु उरांव कहते हैं कि अष्टम ने अपने गांव के साथ राज्य और देश का नाम रोशन किया है तो निःसंदेह उनकी शुभकामना है कि भारतीय टीम खूब अच्छी प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीत कर लाए और उनके स्वागत के लिए पूरे गांव वासी व उसके नाना भी काफी खुश हैं।



# कुडू में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बैठक

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>

**कुडू - लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित सभागार कक्ष में शुक्रवार को कार्यपालक दंडाधिकारी सह वरीय प्रभारी नारायण राम की अध्यक्षता में आगामी 12 अक्टूबर से 14 नवंबर तक प्रखण्ड में चलने वाले आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार विशेष कार्यक्रम को लेकर एक आवश्यक बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम स्थल, कार्यक्रम की तिथि, स्टॉल संबंधी के विषय पर विशेष चर्चा की गई एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने और कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु उपस्थित सभी पंचायत सचिव, जनसेवक, ग्राम रोजगार सेवक एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। मौके पर बताया गया कि प्रखण्ड में प्रस्तावित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के प्रथम चरण में सलगी पंचायत में 12, सुंदरू 14, बड़की चापी 15, चिरी 17, जिमा 18, कोलसिमरी 20, और 22 अक्टूबर को लावागाई पंचायत में एवं दूसरे चरण में उडुमुडु 2 नवंबर, जिंगी 4, टाटी 7, कुडू 9, पंडरा 10, चंदलासो 12 और ककरगढ़ पंचायत में 14 नवंबर को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज, प्रधान सहायक, एवं सभी विभाग के पर्यवेक्षक स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची का होगा क्षेत्रवार विखंडीकरण

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार नगरपालिका आम निर्वाचन 2023 हेतु मतदाता सूची तैयारी की जानी है। प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाता सूची का विखंडीकरण 07.10.2022 से 17.10.2022 तक किया जाएगा। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 19.10.2022, दावा एवं आपत्ति प्राप्त करना 29.10.2022 तक एवं दावा आपत्ति का निराकरण एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4.11.2022 को किया जाएगा। मतदान केन्द्रों के प्रारूप सूची का प्रकाशन 7.10.2022 से 14.10.2022 तक किया जायेगा। प्रकाशन अवधि में प्राप्त आपतियां, सुझाव का निष्पादन 22.10.2022, प्राप्त आपतियां, सुझाव के निष्पादन उपरान्त संशोधित सूची आयोग को उपलब्ध कराना तथा प्रपत्र–ए पर आयोग का अनुमोदन 28.10.2022 एवं मतदान केन्द्रों की सूची का अंतिम प्रकाशन 29.10.2022 को किया जाएगा।

# डीलर के खिलाफ जनता हुई गोलबंद राशन नहीं देने पर किया धरना प्रदर्शन

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>

**गुमला।** गुमला जिला के चैनपुर प्रखंड में राशन डीलर के खिलाफ आम जनता गोलबंद हो कर और नारेबाजी करते हुए प्रखंड मुख्यालय पर अपना राशन नहीं मिलने के कारण धरना प्रदर्शन किया। जिस पर चैनपुर स्थित राशन डीलर उषा मिंज के द्वारा राशन धारकों को मनमाने तरीके से राशन देने के कारण आम जनता इसका विरोध करने के लिए चैनपुर मुख्यालय पर जमा हो गई थी वही लोगों ने अपने हाथों पर तख्ती श्लोक भी पकड़े हुए थे जिस पर आम जनता अपनी मांगों को लेकर नारा बनाकर के बोल रहे थे साथ ही डीलर होश में आओ हमारी मांगे पूरी करो गरीबों का राशन मत खाओ ऐसा नारा लगाते हुए चैनपुर मुख्यालय पर अपना धरना प्रदर्शन कर रहे थे।

जिस पर प्रदर्शन में आए हुए आम जनता ने बताया कोरोना काल में प्रधानमंत्री मुक्त राशन योजना के तहत कार्ड धारियों को मुफ्त राशन का योजना दिया गया था बावजूद राशन डीलर के मनमानी के द्वारा पिछले तीन महीनें से मुक्त राशन नहीं मिलने के कारण लाभुक अपना धरना प्रदर्शन चैनपुर मुख्यालय पर किया साथ ही राशन धारकों ने कहा कि राशन डीलर के द्वारा धमकी मिलता है कि अगर ज्यादा बोलोगे तो तुम्हारा राशन दुर्गम क्षेत्र में कर दिया जाएगा।

वहीं इस मामले को संज्ञान में लेते हुए चैनपुर पंचायत मुखिया शोभा देवी ने वहां पर आए हुए आम जनता से कहा की जनता जनार्दन होती है आप सभी की मांग जायज है और इस पर आप अपना जो भी उचित मांग है वो कर सकते हैं मैं आप सभी के साथ में हूं। धरना प्रदर्शन के बीच राशन डीलर उषा मींज को बुलाया गया जिसमें उसने अपनी गलती स्वीकार की और कहा कि आगे से गलती नहीं होगी। जिस पर आम जनता ने कहा कि हम उस राशन नहीं लेंगे और इस मामले को लेकर अंचलाधिकारी गौतम कुमार के पास ज्ञापन सौंपा गया।

## ब्लॉक गेट पर कीचड़ जमा होने के कारण 108 एम्बुलेंस वैन फंसा

**भवनाथपुर।** ब्लॉक गेट पर कीचड़ जमा होने के कारण शुक्रवार को एक मरीज को लेकर अस्पताल लौट रहा 108 एम्बुलेंस वैन फंस गया। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से एम्बुलेंस को निकाला गया। जबकि आये दिन कई राहगीर उक्त कीचड़ में दो पहिया वाहन से गिरकर घायल भी हो चुके है ।परन्तु इन सब के बाउजूद प्रतिदिन आने जाने वाले प्रसाशनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी मूकदर्शक बने हुए है सभी लोंगो का रटा रटाया एक ही जवाब की फंड आएगा तो इसका सड़क निर्माण किया जाएगा। विगत दो माह से ब्लॉक मुख्य गेट से मात्र पचास फिट ही सड़क पूरी तरह जर्जर है जिसमे वारिस के कारण जलजमाव होने से परेसानी लोंगो को हो रही है ।लोंगो के द्वारा शिकायत करने पर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के द्वारा दो चार ट्रेक्टर मिट्टी भरवा दिया जाता है।

# समसेरा मोड़ के पास जंगली हाथियों के हमले में एक युवक की हुई मौत

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>

**बोलबा।** प्रखंड के समसेरा मोड़ के पास जंगली हाथियों के हमले में एक युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार सुबह जंगली हाथियों का झुंड बोलबा प्रखंड मुख्यालय पहुंच गया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग सहित प्रखंड प्रशासन को दे दिया। लोग 40-50 की संख्या में एकजूट होकर हाथियों को भगाने की कोशिशें कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक समीर टोप्पो (उम्र18वर्ष) पिता जेरोम टोप्पो ने जंगली हाथियों की चपेट में आ गया। बताया गया कि हाथी ने पहले उसे पैर से लात मारा और सूंड़ से पकड़ भी लिया था। किंतु किसी तरह छूटकर वह भाग ही रहा था कि एक पेड़ से टक्करा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक समीर टोप्पो को आनन - फानन में बोलबा अस्पताल लाया गया। वहां नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया। किन्तु डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर झारखंड पार्टी के युवा नेता संदेश एक्का के नेतृत्व में बिरसा मांझी, मतीयस बागे, आइरिन एक्का ने मृतक समीर टोप्पो के शव को पोस्टमार्टम कराने में सहयोग किया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं मुखिया सुरजन बड़ाईक ने वन प्रमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी से हाथी हमले में मौत हुई समीर टोप्पो के परिजनों को प्रावधान के अनुसार मुआवजा की मांग किया है। वन विभाग ने हाथीयों को भगाने के लिए आवश्यक सामग्री मोबिल, जूट, छड़ आदि घटना स्थल में पहुंचाकर वितरण किया। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सिमडेगा, अंचल अधिकारी बलिराम मांझी, थाना प्रभारी मनीष कुमार पाण्डे, प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, वनपाल पदाधिकारी जतरु उरांव, मुखिया सुरजन बड़ाईक, मुखिया बिनोद बड़ाईक सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# रहने के लिए पक्का घर नहीं ना इलाज के लिए पैसे फिर भी संघर्ष कर पहुंची पूर्णिमा फीफा वर्ल्ड कप

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>

**सिमडेगा।** दो दिन पूर्व भारतीय फुटबॉल महासंघ ने फीफा अंडर-17 महिला फुटबाल वर्ल्ड कप के लिए व 17 भारतीय महिला फुटबॉल टीम की घोषणा की है। इस टीम में झारखंड के 06 खिलाड़ी चयनित किए गए हैं। इन 06 खिलाड़ियों में सिमडेगा जिला के जामबहार निवासी पूर्णिमा कुमारी भी सामिल है ।पूर्णिमा सिमडेगा जिला के ठेठाईटांगर प्रखंड अंतर्गत टूकुपानी पंचायत के जामबहार की रहने वाली है। पूर्णिमा के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। माता बचपन में ही खो चुकी है और पूर्णिमा का लालन पालन बुजुर्ग पिता जीतू मांझी और बड़ी बहन सन्माइयत कुमारी ने किया है। पूर्णिमा का घर आज भी कच्चा और खपड़े का है तथा घर में आज भी पोस्टिक आहार बमुश्किल ही मिल पाता है। पूर्णिमा को बचपन से ही खेल के प्रति काफी लगाव था फुटबॉल और हॉकी दोनों वह खेला करती थी बचपन में जब जानबहार स्कूल में पढ़ाई करती थी उस समय उसके खेल की प्रतिभा को देखकर शिक्षक जगन और सहदेव मांझी ने उसे काफी कुछ मार्गदर्शन दिया। 2017 में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी और फुटबॉल कोच बिना केरकेट्टा के द्वारा गैरसरकारी व्यक्तिगत स्तर से फुटबॉलर एवम एथलेटिक्स खिलाड़ियों का चयन ट्रायल सिमडेगा में रखा गया था। जिसमें पूर्णिमा सहित कई खिलाड़ी भाग लिए थे । जिसने पूर्णिमा और कुछ अन्य खिलाड़ियों के प्रतिभा को देखकर मनोज कोनबेगी ने आवासीय फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग की कोच निधि सिंह से बात कर उसे हजारीबाग भेजा। वही निधि मैडम ने पूर्णिमा में छुपी प्रतिभा को देखकर सेंटर में रखी और तराश कर आगे बढ़ाया और पूर्णिमा इंडिया टीम के कैंप के लिए चुनी गई । 2019 में पहली बार भूटान दौरा पर जूनियर भारतीय महिला फुटबॉल टीम के ओर से भाग ली। लोक डाउन के पीरियड में भी हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी और कमलेश्वर मांझी ने पूर्णिमा के घर जाकर उसके वास्तविक स्थिति से रूबरू होते रहे और उसे उचित मार्गदर्शन भी देते रहें। वर्तमान समय में बेटी पूर्णिमा वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में चुनी गई है वहीं पिता जीतू मांझी बीमार चल रहे हैं उनके इलाज के लिए उचित पैसे भी नहीं है ।मनोज कोंनबेगी ने बताया कि 4 दिन पूर्व ही गांव के ही एक सामाजिक कार्यकर्ता छुन्नु मांझी ने फोन के माध्यम से जीतू मांझी के बीमारी की पूरी वास्तविक स्थिति को बतलाया और इलाज के लिए उचित मार्गदर्शन भी मांगा। 2019 भूटान दौरे से पहले भी एक प्रतियोगिता के लिए पूर्णिमा कुमारी को जूनियर भारतीय महिला फुटबॉल टीम में चुनी जाने का मौका मिला था परंतु सही समय में पासपोर्ट नहीं मिल पाया जिस कारण उसका बीजा नही बन पाया।



# अलबर्ट एक्का स्टेडियम में मजदूरों की समस्या को लेकर हुई बैठक

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>

**सिमडेगा।** शुक्रवार को अल्बर्ट एक्का मैदान में मोटीया मजदूर संघ का बैठक किया गया बैठक की अध्यक्षता जुनूल बागे के द्वारा किया गया। बैठक में संगठन के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे। सप्ताहिक बैठक में मोटीया मजदूर की समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें बताया गया कि सिमडेगा की कुछ व्यापारीगण बाहरी लेबर लाकर कम दर पर काम करवाया जा रहा हैएवं विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।बैठक में संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अब मोटिया मजदूर का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कम रेट देने वाले व्यापारियों पर अंकुश लगा दिया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि कोई भी मोटीया मजदूर उनका काम नहीं करेगा यह निर्णय द्वारा लिया गया।उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया था रेट निर्धारित किया गया था कुछ व्यापारी नियम का उल्लंघन कर रहे हैं।इसकी सूचना संघ को देने की बात कही।उन्होंने कहा कि सभी मोटिया मजदूर को सप्ताहिक बैठक शुक्रवार को समय पर सुबह 8:00 बजे चले आएं।उन्होंने छूटे हुए मोटिया मजदूरों को अपना-अपना श्रम कार्ड बनवाने की बात कही। ताकि भविष्य में परिवार को उसका लाभ मिल सके, नशा पान करके काम नहीं करेंगे। बैठक में जुनून बागे मनोज प्रधान अविनाश लकड़ा, अशोक तुरी, बृजनंदन तूरी, कर्मचारी ,अल्बर्ट जोजो विजय मुंडा, चामु मुंडा, गजेंद्र लोहरा जतरो लोहरा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा पहुंची बालिका विद्यालय



**कोडरमा।** शुक्रवार को शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार सह सांसद अन्नपूर्णा देवी ने परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, कोडरमा का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में उपस्थित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके अतिरिक्त सांसद द्वारा मौके पर बच्चियों से बातचीत कर उनके पठन-पाठन एवं विद्यालय में चल रही अन्य गतिविधियों की भी जानकारी ली गई। इस मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन के अलावे अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार व स्कूल के प्रधानाचार्य व शिक्षकगण मौजूद रहे।

### आरबीएसएस महिला मोर्चा का कार्यक्रम सम्पन्न



**रामगढ़।** आरबीएसएस महिला मोर्चा की बैठक सह मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार को पुराना सदर अस्पताल के निकट स्थित आरबीएसएस कार्यालय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मल्लिका दत्ता व संचालन अंशु सहाय ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस एवं विशिष्ट अतिथि स्नेहा गुप्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम में कई महिलाओ ने संगठन की सदस्यता ली एवम समाज हित मे नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रामगढ़ जिला के सभी प्रखंडों में महिलाओं को जागरूक कर संगठन से जोड़ने एव जनहित में बढ़चढ़ का हिस्सा लेने का निर्णय लिया गया। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि आरबीएसएस कि महिलाएं समाज हित मे नि:स्वार्थ भाव से सेवा कर रहीं है,जो निरंतर जारी रहेगा। मौके पर मधु कुमारी,पूनम टोप्पो, निर्मला शर्मा, धर्म शिला देवी, नीलम देवी, ज्योति मानसाता,चंदना गांगुली, भानु देवी सहित अन्य मौजूद थे।

### वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

**जयनगर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाझेडीह पावर प्लांट के समीप वाहन की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान विकास कुमार (उम्र 28 वर्ष पिता स्वर्गीय वीरेंद्र प्रसाद, ग्राम झलपो झुमरीतिलैया) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल से घूम घूम कर फेरी का काम करते थे जो बांझेडीह प्लांट की तरफ समान देने जा रहे थे। प्लांट के समीप एक वाहन आकर टक्कर मार देने से मोटर साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज करके मरीज को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### मक्का से वापस लौटे हाजियों का हुआ स्वागत



**बरही।** मक्का मदीना से वापस लौटे 17 हाजियों का मलकोको ग्राम में जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के बरही विधानसभा अध्यक्ष मो कयूम अंसारी की अगुवाई में आयोजित की गई। हज आये वापस लौटने वालो में रमजान मियां, अली बख्स, जाजहीद खातून, जमील खातून, असजद, शरीफ मियां, सेदुना खातून, नाजीर मियां, उस्मान मियां, अस्मिद अंसारी, नासीरुद्दीन आदि का नाम शामिल है। ये सभी अब हाजी कहलायेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सभी हाजियों ने पिछले 15 सितंबर को तीर्थस्थल मक्का के लिए रवाना हुए थे। अपनी पूरी तीर्थ यात्रा पूर्ण करने के बाद रविवार को सकुशल वापस घर लौटे। स्वागत करने वालों में हां जी जहूर अंसारी, मौलाना हैदर हाफिज, मो अजहर, अब्दुल सलाम, शोएब अंसारी आदि शामिल है।

### दो बाइक की टक्कर में पिता पुत्र घायल

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत लोहासीकर में शुक्रवार को दो बाइक की टक्कर में बाइक सवार बाप-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान रामधनी यादव (उम्र 35 वर्ष पिता बुधन यादव), शुभम कुमार (उम्र 15 वर्ष, पिता रामधनी यादव) ग्राम पथलडीहा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से तिलैया की तरफ जाने के दौरान लोहासीकर के पास विपरीत दिशा से एक मोटरसाइकिल के टक्कर मार देने से मोटरसाइकिल सवार बाप-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से कोडरमा में सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज चल रहा है।

### भव्य शोभायात्रा के साथ लोगों ने मां को दी विदाई



**बरही।** विजयादशमी की समाप्ति के उपरांत प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र में मां की विदाई का सिलसिला जारी हुआ जो शुक्रवार देर रात तक चला। गुरुवार को भी करियातपुर में प्रतिमा विसर्जन को लेकर शोभायात्रा निकाला गया। जो राम चौक से नाईटांड मोड़ होते हुए बरसोत चौक और फिर करियातपुर, बाराटांड (मोदीयाइन) तालाब पहुंचा। जहां श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को अंतिम विदाई दी। वहीं शुक्रवार को देर संध्या बरही में विसर्जन जुलूस निकाला गया। विसर्जन जुलूस को लेकर प्रशासन मुस्तैद रहा। इस दौरान नवयुवकों एवं भक्तों की टोलियां गाजे बजे की बीच थिरकते व मातारानी के जयकारे लगाते देखे गए।

## विभिन्न स्कूलों के 130 शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

# बच्चों का गुणवत्ता पूर्ण विकास करें : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** प्रोजेक्ट इंपैक्ट के माध्यम से सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता, आधारभूत संरचना आदि में सुधार लाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। आज उपायुक्त आदित्य रंजन द्वारा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा व अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा बिरसा सांस्कृति भवन में जिले के विभिन्न स्कूल के 130 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब लोगों को मिलकर सरकारी स्कूल की व्यवस्था को सुधार लाना है, एक ऐसा स्कूल बनाना है, जहां सभी बच्चे नामांकन कराना चाहे। स्कूल में सुधार के लाने के लिए हमेशा मंथन करें। हमें अपने स्कूल को संस्थागत रूप से विकास करना है। स्कूल में मूलभूत सुविधाएं बेहतर करना है। स्कूल में बच्चों के बेहतर शिक्षा का वातावरण स्थापित करना है। उन्होंने सभी शिक्षकों से कहा कि अपने अपने पोषण क्षेत्र अंतर्गत टोला टैंगिंग करें और गांव व टोला का भ्रमण कर बच्चों के स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। सभी बच्चों के अभिभावकों के नंबर साथ रखें और जो बच्चे स्कूल नहीं आते हैं, उनके अभिभावकों का काउंसलिंग करें। स्कूलों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन हो, ये सुनिश्चित करें। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने स्कूली बच्चों के विभिन्न खेल के माध्यम से पढ़ाई के साथ साथ शारिरिक विकास करने से संबंधित शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। एसडीएम श्री कुमार द्वारा शिक्षकों को कई गेम्स खेलाया गया और उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों के विभिन्न तरह.के गेम्स का आयोजन कर उनका शारिरिक विकास करें।

### खनन टास्क फोर्स की बैठक, अवैध खनन के खिलाफ कार्यवायी का निर्देश

**उपायुक्त** आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व के बैठक में लिये गये निर्णय पर हुई कार्यवाही की समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने सभी चालू एवं परिसमाप्त खनन पट्टों की जांच संबंधित अंचल अधिकारी, खान निरीक्षक व संबंधित थाना के पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये। साथ ही वन विभाग एवं अंचल अधिकारी द्वारा पत्थर खदान एवं क्रशर हेतु अनापत्ति नहीं देने से संबंधित जनसंवाद पोर्टल पर दर्ज आवेदानों को निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करें। साथ ही पूर्व में ध्वस्त किये गये क्रशरों की जांच करते हुए अगर चालू अवस्था में पाया जाता है तो उन क्रशरों पर कार्रवाई करने के लिए जिला खनन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय व अन्य मौजूद रहे।

## डीसी जनता दरबार में आये लगभग दो दर्जन मामले, संबंधित अधिकारियों को किया अग्रसारित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर आमजनो से मिली एवं उनकी समस्याओं को जाना। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग 02 दर्जन से अधिक आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में आर्थिक सहायता दिलाने, भूदान में प्राप्त भूमि पर भू-माफियाओं के द्वारा जबरन कब्जा किए जाने के संबंध में, एनटीपीसी द्वारा मुआवजा रकम भुगतान करने के संबंध में, सार्वजनिक चारागाह घोषित भूमि पर सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में, दाखिल खारिज करने के संबंध में, ओबीसी प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में, कालीबाड़ी में नव निर्मित सब्जी बाजार में स्थानांतरित करने के संबंध में, सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त किए जाने के संबंध में, सड़क चौड़ीकरण में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान करवाने के संबंध में, भू माफियाओं द्वारा जमीन हड़पने के संबंध में पीएम आवास, अधिग्रहण, रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## मोबाइल के चक्कर में 8 साल के बच्चे ने बड़े भाई को चाकू मारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** मोबाइल के चक्कर में 8 साल के छोटे भाई ने अपने 12 साल के बड़े भाई पर चाकू से वार किया जिससे उसकी मौत हो गयी। मामला जिले के डोमचांच थाना के ग्राम गैठीबाद स्थित राणा टोला का है। जानकारी के अनुसार बीती रात मोबाइल चलाने को लेकर हुए मामूली विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई के पेट में चाकू से वार कर दिया। आनन फानन मे परिजन निजी क्लिनिक में इलाज के लिए ले गए जहां उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने शव को दफना दिया जिसकी जानकारी पुलिस को हुई तो जांच के लिए पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। जानकारी अनुसार शव को गड्ढा से निकालकर पोस्टमार्टम किया जाएगा। आरोपी नाम तरुण कुमार (उम्र 8 वर्ष, पिता पप्पू राणा) है जबकि मृतक की पहचान करण राणा (उम्र 12 वर्ष, पिता पप्पू राणा) के रूप में हुई। इधर घटना के बाद मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव को गड्ढे से निकालकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं आरोपी बालक घर में मौजूद नहीं है और किसी रिश्तेदार के यहां चला गया है। घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि दोनों बच्चे घर मे खेल रहे थे इसी दौरान बड़ा भाई चाकू पर गिर गया और उसे गम्भीर चोट लग गयी। इलाजे के दौरान उसकी मौत हो गयी थी।

## सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का हो रहा कार्यान्वयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड सरकार ने वर्ष 2019 में बाल विवाह प्रथा का अंत एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुकन्या योजना की शुरूआत की थी। वर्तमान में इस योजना के स्थान पर 5 सितम्बर 2022 से सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का कार्यान्वयन किया गया है। इस योजना के तहत कक्षा आठवीं से बारहवीं की बालिकाओं एवं 18 से 19 वर्ष की किशोरियों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जानी है। यह सहायता माता की प्रथम दो पुत्रियों को देय होगी।




### सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना का उद्देश्य

महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा पर जोर, बाल विवाह प्रथा का अन्त, उच्चतर कक्षाओं की बालिकाओ के शैक्षणिक व्यय में सहयोग कर उनके विद्यालय परित्याग की प्रवृति को कम कराना एवं उन्हें उच्च षिक्षा हेतु प्रोत्साहित करना, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं वैयक्तिक स्वच्छता हेतु सहायता, किशोरियों की अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने हेतु सक्षम बनाना।

### सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वरूप

सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आठवीं से बारहवीं एवं 18 से 19 वर्ष की आयु की किशोरियों को भिन्न-भिन्न किस्तों में आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

कक्षा 8वीं और 9वीं में 2500/- रुपए (प्रत्येक कक्षा में 25 सौ रुपए)

10वीं,11वीं व 12वीं की कक्षा में 5000/- रुपए (प्रत्येक कक्षा में 5 हजार रुपए,)

18 से 19 वर्ष की आयु के बीच एकमुश्त 20,000/- रुपए मिलेंगे। लाभुक द्वारा अपने 19 वर्ष पूर्ण होने के पूर्व आवेदन करना अनिवार्य है।

सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए आवेदन कैसे करें? इस योजना के लाभार्थी अपने निकटतम आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर आंगनवाड़ी सेविका से आवेदन पत्र प्राप्त करें और उस आवेदन फॉर्म को भरकर आंगनवाड़ी सेविका के पास जमा करें। आंगनवाडी सेविका आपका आवेदन पत्र और उससे सम्बंधित सभी दस्तावेज बाल विकास परियोजना कार्यालय में जमा करेंगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए आपको अपने क्षेत्र की आंगनवाडी केंद्र की सेविका से संपर्क करना होगा।

### सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए आवश्यक दस्तावेज

लाभार्थी की माता द्वारा स्व-घोषणा-पत्र (प्रथम एवं द्वितीय पुत्री होने का), बालिका का जन्म प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, बालिका एवं उनके माता का आधार कार्ड की छायाप्रति, बालिका का बैंक खाता विवरणी की छायाप्रति, माता की मृत्यु होने पर माता का मृत्यु प्रमाण-पत्र, संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा नामांकन एवं अध्ययनरत होने का सत्यापन प्रमाण-पत्र, 18-19 वर्ष के किशोरियों का मतदाता प्रहचान-पत्र की छायाप्रति, आयकर दाता एवं पेंशन प्राप्त नही करने का स्व-घोषणा-पत्र (माता द्वारा)।

## जीटी रोड पर जले दो कंटेनर, चालक खलासी गंभीर, हुआ रेफर



**बरही।** देर संध्या जीटी रोड स्थित महुगढ़ा पल के पास विपरीत दिशा से आ रही दो कंटेनर में आग लग जाने से दोनो कंटेनर बुरी तरहा जल गए। अग्निशमन दल से मिली जानकारी के अनुसार बरही की ओर से आ रही एनएल01 जी 3371 महुगढ़ा पुल के पास डिवाइडर तड़पकर सड़क के दूसरी ओर धनबाद की ओर से आ रही कंटेनर आरजे52जीए 2105 से टकरा गई। जिससे दोनो कंटेनरों में भयंकर आग लग गया। देखते ही देखते दोनो कंटेनर धु-धु कर जलाने लगे। स्थानीय लोगो के द्वारा तत्काल इसकी सूचना अग्निशमन सेवादल व स्थानीय प्रशासन को दिया गया। तब तक बरही की ओर से आने वाली कंटेनर बुरी तरह से जल चुका था। जबकि दूसरे कन्टेनर का केबिन खुलकर दुसरी ओर गिर चुका था। हालांकि सूचना मिलते ही अग्निशमन दल भी घटना स्थल पर पहुंचकर आग बुझाने का काम किया। इस घटनाक्रम में दोनों वाहन के चालक और खलासी बुरी तरह जलकर जख्मी हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## मांगों को लेकर पूर्व विधायक ने आयोजित अनिश्चितकालीन धरना का 24वां दिन जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चलकुशा।** प्रखंड मुख्यालय के समक्ष बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के तेरह ज्वलंत मुद्दों को लेकर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव की अगुवाई में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का 24 वां दिन जारी रहा। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के अध्यक्ष सह चलकुशा मुखिया संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक श्री प्रसाद अपने कार्यकताओं औ? आम जनों के साथ पिछले चौबीस दिनों से तेरह सूत्री मांगों को लेकर धरना पर बैठे हैं। उन्होंने जितिया, विश्वकर्मा पूजा, गांधी जयन्ती, दुर्गा पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्योहार अपने परिजनों और क्षेत्र वासियों के साथ नही मनाया। ज्ञात हो कि जब 14 सितम्बर से धरना प्रदर्शन शुरू किया गया जिसमें चलकुशा, परसाबाद, बिरसोडीह(चंदवारा) और झरपो पॉवर सब-स्टेशन को शुरू करने, बेडोकला और तुर्कबाद पॉवर सब-स्टेशन का निर्माण शुरू करने,



चलकुशा, बरकनगांगो-छुतहरी कटिया, घरौंजा-खरियोडीह ग्रामीण जलापूर्ति योजना को शुरू करने और सतड़ीहा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य मे तेजी लाने, केजीबीभी चलकुशा को शुरू करने समेत अन्य मांगे शामिल हैं ।जब यह धरना प्रदर्शन शुरू हुआ तो कार्य में तेजी लायी गयी लेकिन पुनः उसे साजिशकर्ताओं द्वारा रोका जा रहा है। अब क्षेत्र की जनता इसे बर्दास्त नहीं करेगी। इसी को लेकर 08 सितम्बर को 11 बजे दिन विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में लोग धरना स्थल पर पहुंचने की सूचना प्राप्त हुई है। मैं धरना प्रदर्शन का अध्यक्ष होने के नाते आप सबों से अनुरोध कर रहा हूँ कि आप अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर अपने नेता के मनोबल को बढ़ायें और जिला प्रशासन को आम जनता की ताकत का एहसास करायें। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, प्रखंड़ प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, पूर्व प्रमुख सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, सलैयडीह मुखिया सुखदेव यादव, भुनेश्वर पंडित, किशोरी पांडेय, पंसंस प्रतिनिधि उमेश साव समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सांसद को चौथी बार वित्त संबंधी स्थाई समिति का अध्यक्ष बनाये जाने का किया स्वागत



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा को भारत सरकार द्वारा चौथी बार वित्त संबंधी स्थाई समिति का अध्यक्ष चुने जाने पर रामगढ़ जिले के भाजपाइयों में हर्ष व्याप्त है। इसकी जानकारी देते शुक्रवार को देते हुए पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं सहित हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए यह गर्व की बात है की हमारे क्षेत्र के सांसद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इतनी बड़ी जिम्मेवारी सौंपी गई है। सांसद जयंत सिन्हा को वित्त संबंधी स्थाई समिति का अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू सहित कई पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## जिप सदस्य रवि शंकर यादव के पुत्र भगत सिंह का जन्मदिन मनाने पहुंची डीसी, एसपी व अन्य



**बरही।** विधानसभा निवेदन समिति के सभापति सह स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव के पौत्र एवं चौपारण जिप सदस्य रवि शंकर यादव के पुत्र भगत सिंह के छठा जन्मदिन विधायक आवास परिसर में धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर डीसी, एसपी, बीडीओ, सीओ सहित कई गणमान्य लोग विधायक आवास पहुंचकर विधायक के पोते को आशीर्वाद दिया। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित बरही विधानसभा की कई समाजिक कार्यकर्ता और जनता भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तमाम लोगों को विधायक एवं जिप सदस्य आभार व्यक्त किया है।

## मेधावी बच्चों को ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन ने किया सम्मानित

# शिक्षा ही मानव की मूल पूंजी : विधायक अमित यादव

- कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को एक-एक अशोक का पौधा भेंट किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत कलहाबाद के पारटॉड़ में स्थित ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन ने कार्यक्रम आयोजित कर मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक शशि भूषण प्रसाद ने किया। वहीं मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि प्रमुख रेनू देवी, बीईओ किशोर कुमार, मुखिया कलावती देवी, संस्था के निदेशक केदार प्रसाद, बाबूलाल प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उपस्थिति आगंतुकों को फाउंडेशन के सदस्यों ने



माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक अमित यादव ने विवेक कुमार एवं ओम प्रकाश कुमार को सरकारी सेवा में सफलता हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं श्रुति राज एवं महिमा सिंह को जेएनवी परीक्षा तथा कुछ छात्रों का चयन मॉडल विद्यालय में होने पर प्रमुख, बीईओ, मुखिया द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही वर्तमान में फाउंडेशन में अध्ययनरत 20 बच्चों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विधायक ने डीबीएफ के उद्देश्यों एवं उपलब्धियों की सराहना की तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कहा कि शिक्षा ही मानव की मूल पूंजी है और यह फाउंडेशन बच्चों को निशुल्क सहयोग कर कैरियर निर्माण में मददगार साबित हो रही है। फाउंडेशन के निदेशक केदार प्रसाद ने भविष्य की योजना की जानकारी दी ।कहा कि हर पंचायत में इस प्रकार की व्यवस्था की योजना बनाई जा रही है। कार्यक्रम को बीईओ किशोर कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण प्रसाद, शिक्षक दिनेश्वर महतो, मोहम्मद रियाजुद्दीन, राजेंद्र प्रसाद, रामकिशुन महतो, यमुना साव व अनिल कुमार आजाद, रविकांत प्रसाद, डॉ प्रकाश कुमार ,मुखिया कलावती देवी आदि लोगों ने संबोधित कर फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की तथा बच्चों के मनोबल को बढ़ाया। वहीं फाउंडेशन परिवार की ओर से अतिथियों को एक-एक अशोक का पौधा भेंट किया गया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




**बरही।** दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर प्रखंड मैदान पर ही नहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम और किसका का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बरही के द्वारा आयोजित की गया थी। जिसमें हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद हुए। कार्यक्रम देर रात्रि प्रारंभ हुआ जो सुबह करीब 3:00 बजे तक चलता रहा। एक लंबे अंतराल के बाद दशहरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित हुए जिसका स्वागत पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने किया। विधि व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार पूरे दलबल के साथ मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### रायपुर : मुख्यमंत्री बघेल ने की मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना



**जगदलपुर/रायपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शुक्रवार को बस्तर दशहरा के अंतर्गत मुरिया दरबार सहित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने जगदलपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने जगदलपुर में स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जिले के उद्योग मंत्री कवासी लखमा, कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम, सांसद दीपक बैज, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम, महापौर सफीरा साहू, नगर निगम सभापति कविता साहू सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### सारण में युवक की चाकू मारकर हत्या

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने शुक्रवार को एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि के खाडरहियां गांव निवासी राज रत्न (18) कहीं जा रहा था तभी अपराधियों ने चाकू मारकर उसे घायल कर दिया। घायल को एकमा स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि मृतक के पिता अशोक कुमार ने पुलिस के समक्ष दिए गए बयान में कहा है कि उनका पुत्र राज रत्न अपने घर से बाहर जा रहा था, जहां बांसवाड़ी में छिपे धंनजय कुमार ने उसके उपर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराये जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर घटना में शामिल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

### पश्चिम चंपारण में बाघ के हमले में युवक की मौत

**बगहा (एजेंसी)।** बिहार में भारत नेपाल सीमा से सटे पश्चिम चंपारण जिले के गोवर्धना थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह बाघ के हमले में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि डुमरी गांव के निकट एक युवक शौच करने के लिये गया हुआ था। इस दौरान बाघ ने हमला कर उसे मार डाला। मृतक की पहचान डुमरी गांव निवासी रामचंद्र महतो के पुत्र संजय महतो (35) के रूप में की गई है। घटना से आक्रोशित लोगों ने वन विभाग कार्यालय में और वन विभाग की गाड़ी में तोड़फोड़ की। मामले की जानकारी के बाद पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर कैंप कर रहे है। वन विभाग की टीम चार सौ वन कर्मियों के साथ आदमखोर बाघ को पकड़ने में लगी है।

### सारण में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि देवरिया गांव के समीप छपरा- शीतलपुर राजकीय राजमार्ग 73 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक भिखारी की मौत हो गयी। मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष है और उसकी तत्काल पहचान नहीं की जा सकी है। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। पुलिस इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से बच्ची की मौत

**सहरसा (एजेंसी)।** प्रखंड क्षेत्र के खड़का तेलवा पंचायत स्थित ब्राह्मण टोली गांव के वार्ड संख्या 02 में घर के निकट ही पानी भरे गड्ढे में डूबने से 4 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृत बच्ची शिवशंकर कामत उर्फ लड्डू की पुत्री कल्पना कुमारी बतायी जाती है। परिजन के अनुसार सुबह जब घर के लोगों की आंख खुली तो बच्चे को घर में नहीं पाया। काफी देर खोजबीन के बाद घर के निकट बने पानी से भरे गड्ढे में बच्चे को मृत पाया गया। इधर बच्चे की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष सरोज कुमार घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सहरसा भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय महेश्वर मुखिया, रिंटू ठाकुर, सौरभ वर्मा, बिभु चित्रांश, राजा राम साह, रोहित महतो, बलराम मुखिया, छोटे महतो मौके पर पहुंच शोक संवेदना व्यक्त कर प्रशासन से आर्थिक लाभ देने की मांग की।

### अहमदाबाद में कंटेनर के नीचे दबकर नवादा के मजदूर की मौत



**नवादा (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद के एक कम्पनी में काम कर रहे नवादा जिले के कौआकोल के एक मजदूर की शुक्रवार को कंटेनर के नीचे आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई। मजदूर कौआकोल थाना क्षेत्र के पाली गांव का निवासी था। मृतक के स्वजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पाली गांव निवासी 45 वर्षीय विशेश्वर महतो अहमदाबाद, गुजरात के एक कम्पनी में मजदूर का काम करते थे, शुक्रवार को प्रत्येक दिन की भांति वे काम पर गए, जहां वे अचानक कंटेनर के नीचे आ गए, जिससे दबकर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद कम्पनी के कर्मियों एवं अन्य शुभचिंतकों द्वारा इसकी सूचना मृतक के परिवार वालों को दी। जिसके बाद गांव में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी सहित अन्य सम्बन्धियों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हालांकि परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि संभव है कि उनकी हत्या कर सच्चाई को दबाने के लिए दुर्घटना की बात कही जा रही है। गुजरात के मुख्यमंत्री से उच्च स्तरीय जांच कर इस मामले में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोगों ने भोजन तक नहीं किया। सैकड़ों लोग गम में डूबे हैं।

---

मुख्यमंत्री ने जेपी के गांव में नवनिर्मित पथ सह पुस्तकालय का किया लोकार्पण, कहा

# हमलोग गांधी, लोहिया व लोकनायक जेपी के विचारों को ही अपनाकर आगे बढ़ रहे हैं

**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मृति भवन सह पुस्तकालय, सिताब दियारा से मुख्य पथ तक नवनिर्मित पथ का लोकार्पण किया। साथ ही अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिताब दियारा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उत्क्रमित करने की घोषणा की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के गांव सिताब दियारा में हम बार-बार आते रहे हैं और यहां एक-एक चीज को देखते रहे हैं ताकि गांव का विकास ठीक ढंग से हो। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के पैतृक निवास के बगल में लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मृति भवन सह पुस्तकालय का निर्माण 18 जनवरी, 2018 को कराया गया था। सीएम ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मृति भवन सह पुस्तकालय, सिताब दियारा से मुख्य पथ (राष्ट्रीय उच्च पथ 19 ) तक 04 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित पथ का आज लोकार्पण किया गया है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की इच्छा के अनुरूप सिताब दियारा में लोगों की बेहतर इलाज की सुविधा को लेकर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया। अब इस अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उत्क्रमित किया जा रहा है। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण लोकनायक जयप्रकाश नारायण की धर्म पत्नी स्वर्गीय प्रभावती देवी के नाम पर किया गया है। अब इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम प्रभावती देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिताब दियारा होगा। यहां डॉक्टरों के साथ-साथ नर्सिंग स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिससे यहां के लोगों को इलाज की ओर बेहतर सुविधा मिलेगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि घाघरा नदी के किनारे 35 करोड़ रुपये की लागत से कटाव निरोधी कार्य किए गए हैं। सिताब दियारा गांव की बाढ़ से सुरक्षा के लिए 65 करोड़ रुपये की लागत से रिंग बांध का निर्माण कराया गया है। इसका एक हिस्सा उत्तर प्रदेश में पड़ता है। हमने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मभूमि सिताब दियारा के उत्तर प्रदेश में पड़ने वाले क्षेत्र के लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का अनुरोध किया है ताकि सिताब दियारा के लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके और गांव भी सुरक्षित रह सके। इससे सिर्फ बिहार के लोगों को ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के लोगों को भी सिताब दियारा पहुंचने में सहूलियत होगी।

उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मृति भवन सह पुस्तकालय में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जीवन एवं संपूर्ण क्रांति से संबंधित 500 मूल छाया चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही 800 पुस्तकों का संग्रह किया गया है। इससे बाहर से आने वाले लोग लोकनायक जयप्रकाश नारायण के बारे में बेहतर रूप से जान सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग महात्मा गांधी, राम मनोहर लोहिया और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचारों को ही अपनाकर आगे बढ़ रहे हैं। समाज को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। समाज में प्रेम और भाईचारे का माहौल बना रहे। हिंदू-मुस्लिम एकता बनी रहे। कल आठ अक्टूबर को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि है। हम उनके गांव सिताब दियारा जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे और वहां के विकास कार्यों को देखेंगे। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण एवं स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने भी संबोधित किया।

## गंडक नदी के बढ़ते जल स्तर से चिंतित मुख्यमंत्री नीतीश पहुंचे वाल्मीकिनगर



**मोतिहारी (एजेंसी)।** नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में अनवरत हो रही बारिश की वजह से गंडक नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के कई गांव जलमग्न होने लगे है। इस स्थिति का अवलोकन करने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक शुक्रवार को जल संसाधन मंत्री संजय झा एवं जल संसाधन विभाग के मुख्य सचिव के साथ वाल्मीकिनगर पहुंचे।इस दौरान उन्होंने निरीक्षण के क्रम में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जल संसाधन मंत्री के साथ कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि दो दिनों से गंडक नदी के तटीय गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। जिसकी सूचना मिलने के बाद गंडक बराज और वर्तमान स्थिति को देखने पहुंचे है।साथ ही उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित इलाकों में सभी संभव सहायता के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है। कोई भयावह स्थिति पैदा ना हो इसके लिए सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं। मुख्यमंत्री ने जल स्तर में वृद्धि के बारे में जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता विमल कुमार से जानकारी हासिल की। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि गंडक नदी के जलस्तर में फिलहाल कमी आई है। परन्तु लगातार बारिश के कारण इसके बढ़ने की भी संभावना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जल संसाधन मंत्री संजय झा, पश्चिमी चंपारण के डीएम कुंदन कुमार, बेतिया एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा, बगहा एसपी किरण कुमार गोरख जाधव, एसडीएम दीपक कुमार मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ अतिथि भवन के पास निर्मित इको पार्क का भी निरीक्षण किया। इको पार्क की बढ़ी हुई सुंदरता के बारे में उन्होंने ने कहा कि प्रकृति ने अपनी सभी सुंदरता वाल्मीकिनगर में बिखेर दिया है। आने वाले समय में वाल्मीकिनगर कश्मीर से कम नहीं होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के लिए तैयार किए जा रहे सामुदायिक किचन के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी हासिल की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बाढ़ से विस्थापित हुए लोगों के लिए बने सामुदायिक किचन का भी निरीक्षण किया।

## उद्यमी गुलाब लधानी के आगरा व लखनऊ के ठिकानों पर आयकर छापा

**आगरा (एजेंसी)।** आयकर विभाग ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के प्रमुख उद्यमी गुलाब चंद लधानी के यहाँ छापा मारा। ये छापे आगरा के साथ दिल्ली, नोएडा और लखनऊ सहित अन्य शहरों में भी मारे गए हैं। सूत्रों के अनुसार आगरा में लाजपतकुंज स्थित लधानी की कोठी सहित छह-सात परिसरों पर आयकर विभाग की टीमें सर्च करने में जुटी हुई हैं। लधानी होटल, शीतल पेय व अन्य व्यवसायों से जुड़े हुए हैं। आयकर विभाग के दिल्ली स्थित संयुक्त निदेशक कार्यालय के निर्देश पर दिल्ली से देर रात आई सर्च टीम ने आगरा के भी अफसरों को सुबह चार बजे अपने साथ शामिल किया और छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। सुबह एक साथ सभी परिसरों पर आयकर अफसरों और पुलिस को साथ लेकर शुरू की गई कार्रवाई से लधानी परिवार और उनके नजदीकियों में हड़कंप मच गया। सर्च टीमों ने सभी परिसरों में पहुँचते ही वहां मौजूद लोगों के मोबाइल फोन बंद करवा दिये और अघोषित सम्पत्ति व दस्तावेजों को खंगालना शुरू कर दिया। आयकर विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि दिल्ली कार्यालय द्वारा जुटाई गई सूचनाओं के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूत्रों ने बताया कि इस कार्रवाई के लंबा चलने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि सर्च में 24 से 48 घण्टे तक का समय लग सकता है। गौरतलब है कि गुलाब लधानी के ठिकानों पर वर्ष 2013 में भी आयकर विभाग का छापा पड़ चुका है।




## अंत्येष्टी योजना में भ्रष्टाचार को लेकर सौमेंदु अधिकारी से पूछताछ कर रही पुलिस

**कोलकाता (एजेंसी)।** कांथी थाने की पुलिस ने अंत्येष्टी योजना और श्मशान-भ्रष्टाचार मामले में भाजपा विधायक व विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के भाई सौमेंदु से पूछताछ शुरू की है। सूत्रों के अनुसार सौमेंदु को शुक्रवार सुबह कांथी थाने में तलब किया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक खबर लिखे जाने तक उनसे पूछताछ की जा रही है। तृणमूल ने कांथी नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सौमेंदु के खिलाफ नगर पालिका के पास श्मशान भूमि पर दुकान बनाने का आरोप लगाया था। हालांकि, भाजपा के कांथी संगठनात्मक जिला उपाध्यक्ष सौमेंदु ने इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया। 11 अगस्त को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने उन्हें गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की थी। 29 सितंबर को हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजशेखर मंथा ने उन्हें सुरक्षा प्रदान की थी। कोर्ट ने कहा कि सौमेंदु को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, उन्हें संबंधित मामले की जांच में सहयोग करना होगा। इसके बाद शुक्रवार को कांथी थाने की ओर से सौमेंदु को बुलाया गया। सुबह तृणमूल सांसद शिशिर अधिकारी के छोटे बेटे केंद्रीय बलों की सुरक्षा में थाने पहुंचे। उनसे सवाल जवाब हो रहे हैं।

## मुख्यमंत्री योगी से टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने की शिष्टाचार भेंट



**(एजेंसी)।** देश के अग्रणी औद्योगिक समूह टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यहाँ शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक चंद्रशेखरन ने उत्तर प्रदेश की बेहतर निवेश पॉलिसी और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का हवाला देते हुए इस बात के स्पष्ट संकेत दिए कि टाटा संस उत्तर प्रदेश में जल्द निवेश कर सकता है। इस दौरान प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं और उत्तर प्रदेश के चहुमुखी विकास पर भी चर्चा की गई। उन्होंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी टाटा की उपस्थिति दर्ज करा कर उत्तर प्रदेश में निवेश करने की इच्छा जताई है। बैठक में योगी ने टाटा ग्रुप की हॉस्पिटैलिटी, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, ऑटो मोबाइल और उड्डयन के क्षेत्र में मजबूत पकड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश में टाटा समूह की निवेश की पहल का स्वागत किया है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से निवेश का बेहतर माहौल प्रदेश में बनाए जाने के मद्देनजर उन्हें हर सम्भव सहयोग दिए जाने का भरोसा दिलाया।

## सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की हालत नाजुक



**लखनऊ (एजेंसी)।** हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती समाजवादी पार्टी के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। विशेषज्ञों की टीम उनके इलाज में जुटी हुई है। मेदांता अस्पताल के स्वास्थ्य बुलेटिन के मुताबिक, मुलायम सिंह यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। उनका इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम कर रही है। वह अभी भी जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं। इस बीच उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मेदांता पहुंचकर मुलायम सिंह का हाल जाना। वह करीब आधा घंटे तक अस्पताल में मौजूद रहे। इस दौरान सपा महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव भी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार नेताजी की सेहत को लेकर चिंतित है। इस मुलाकात के बाद प्रो. यादव ने राज्य सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि नेताजी सबके नेता हैं। ऐसे समय में उत्तर प्रदेश सरकार साथ खड़ी है। इससे राजनीति में बेहतर संदेश जाता है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार से ही अस्पताल में मौजूद हैं। वह पिता के सेहत को लेकर डॉक्टरों से पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों से अपील की है कि वे नेताजी के स्वास्थ्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें।

मुलायम सिंह के बेहतर स्वास्थ्य के लिए पार्टी एवं देशभर में उनके शुभचिंतकों द्वारा हवन-पूजन और प्रार्थना कर स्वास्थ सुधार एवं लम्बी उम्र की कामना की जा रही है। बीते दिनों मुलायम सिंह को यूरिन संक्रमण के साथ ही ब्लड प्रेशर की समस्या काफी बढ़ गई थी। उन्हें सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी। इसके चलते मेदांता अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में शिफ्ट किया गया था, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं है।

## दीपावली और छठ पूजा पर बिहार के लिए चलेंगी 30 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

**पटना (एजेंसी)।** दुर्गा पूजा के बाद अक्टूबर महीने में दीपावली और छठ पूजा है। छठ पूजा में खास कर बड़ी संख्या में बाहर से लोग बिहार आते है। इसे देखते हुए रेलवे ने 30 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। पूजा पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए दानापुर एवं तिरुनेलवेली तथा तांबरम के मध्य पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह पूजा स्पेशल ट्रेन पूर्व में सूचित 30 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनों के अतिरिक्त हैं।

**दीपावली और छठ पूजा के लिए ये हैं ट्रेनें** - 06190 तिरूनेलवेली-दानापुर पूजा स्पेशल यह पूजा स्पेशल 18 एवं 25 अक्टूबर (मंगलवार) को तिरुनेलवेली से 03:00 बजे प्रस्थान कर गुरुवार को 14:30 बजे दानापुर पहुंचेगी। 06189 दानापुर-तिरूनेलवेली पूजा स्पेशल यह पूजा स्पेशल 21 अक्टूबर (शुक्रवार) को दानापुर से 18:50 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 04:20 बजे तिरुनेलवेली पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में इस ट्रेन का पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, झाझा, जसीडीह, आसनसोल सहित अन्य स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। -06187 दानापुर-तांबरम पूजा स्पेशल यह पूजा स्पेशल 28 अक्टूबर (शुक्रवार) को दानापुर से 18:50 बजे प्रस्थान कर रविवार को 14:45 बजे तांबरम पहुंचेगी।

## एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन की आठ नयी यूनिट खोलेगी योगी सरकार

- भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए सरकार का बड़ा कदम
- चार जगहों पर ऑफिस के लिए भवन भी कर लिये गये हैं चिन्हित

**लखनऊ (एजेंसी)।** भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में राज्य में एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन की आठ रेंज में नई यूनिट खोलने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में संपन्न हुए 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन का दायरा बढ़ाने की घोषणा की थी। इसके तहत प्रदेश में यह नई यूनिटें स्थापित की जा रही हैं। यह यूनिटें सरकारी विभागों से भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने में सहायक साबित होंगी। अभी तक पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र को मिलाकर प्रदेश में कुल 11 यूनिट सक्रिय हैं। इसमें पूर्वी क्षेत्र में गोरखपुर, अयोध्या, वाराणसी, कानपुर, आगरा और झांसी हैं। वहीं पश्चिमी क्षेत्र में मेरठ, बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ और एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन मुख्यालय है। सरकार जिन नये क्षेत्रों में नई यूनिट खोलने जा रही है, उनमें आजमगढ़, मीरजापुर, चित्रकूट, इलाहाबाद, देवीपाटन, बस्ती, अलीगढ़ और सहारनपुर शामिल हैं। इसके लिए डीजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन नासिर कमाल की तरफ से शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। मंजूरी मिलते ही इन जिलों में एएसपी के नेतृत्व में यूनिटें खोली जाएंगी। इनमें से चार जगहों पर ऑफिस के लिए भवन भी चिन्हित कर लिए गए हैं।

### मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे 'मिशन निरामया' का शुभारंभ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ प्रदेश के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण प्लेसमेंट दिलाने, कॅरियर काउंसिलिंग, आकांक्षी कॅरियर बनाने के उद्देश्य से मिशन निरामया अभियान का शुभारंभ शनिवार को एसजीपीजीआई के कन्वेन्शन सेंटर में करेंगे। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह मौजूद रहेंगे। मिशन निरामया अभियान के दौरान भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण में व्यापक परिवर्तन पर जोर दिया जाएगा। अभियान के तहत नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थानों के इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्याप्त शिक्षक, सेवारत शिक्षकों का आधार सत्यापन आदि पर फोकस किया जाएगा। वहीं परीक्षाओं में कक्ष निरीक्षक दूसरे संस्थान से हों, परीक्षाओं की सीसीटीवी से निगरानी से जुड़े तमाम बिंदुओं पर मंथन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के कई संस्थान अच्छा कार्य कर रहे हैं। इनमें निजी क्षेत्र के संस्थान भी शामिल हैं। इन बेस्ट प्रैक्टिसेज को अन्य संस्थानों में भी लागू किया जाना चाहिए। इसके लिए मेंटॉर-मेंटी मॉडल को अपनाया जाए। इसकी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। अभियान में बेहतर प्रशिक्षण के साथ-साथ बेहतर सेवायोजन पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित हॉस्पिटल से संवाद कर नीति तय करने की दिशा में कार्ययोजना तय की जाएगी क्योंकि नर्सिंग का प्रशिक्षण ले रहे युवाओं के लिए प्रैक्टिकल नॉलेज बहुत आवश्यक है।

## मोकामा व गोपालगंज विधानसभा सीटों पर उप चुनाव की अधिसूचना जारी

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की दो विधानसभा सीटों गोपालगंज और मोकामा पर उप चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है। इसके साथ इच्छुक उम्मीदवार नामांकन पत्र भी आज से दाखिल कर सकते हैं। प्रत्याशी 14 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 15 अक्टूबर को स्क्रूटनी की तिथि निर्धारित की गई है। 17 अक्टूबर तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। तीन नवंबर को दोनों सीटों पर मतदान होना है। छह नवंबर को मतगणना होगी। इसे लेकर चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीटों पर उप चुनाव हो रहा है लेकिन सबसे ज्यादा नजरें मोकामा सीट पर टिकी हुई हैं। क्योंकि, ये इलाका बाहुबली विधायक रहे और छोटे सरकार के नाम से चर्चित अनंत सिंह का है। राजद के विधायक रहे अनंत सिंह की सदस्यता जाने के बाद मोकामा सीट पर उप चुनाव कराया जा रहा है। उनकी पत्नी नीलम देवी इस सीट से राजद की उम्मीदवार होगी। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से पिछले दिनों हुई उनकी मुलाकात के बाद नीलम देवी की उम्मीदवारी पर मुहर लग चुकी है। केवल आधिकारिक ऐलान ही बाकी है। मोकामा विधानसभा सीट पर सबसे बड़ा चुनावी फैक्टर अनंत सिंह को ही माना जा रहा है। अभी से ही मोकामा में चुनावी माहौल पूरी तरह से गरम हो चुका है। मोकामा में कुल मतदाता की संख्या 281000 से ज्यादा है। इनमें 147000 पुरुष मतदाता और 132000 महिला मतदाता है। 80 साल से ज्यादा उम्र के मतदाताओं की तादाद 42 साल के आसपास है। मोकामा विधानसभा श्रेत्र में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 289 है। गोपालगंज विधानसभा सीट की बात करें तो गोपालगंज सीट पर 2020 में भाजपा के उम्मीदवार सुभाष सिंह ने जीत दर्ज की थी। उन्हें नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में सहकारिता विभाग के मंत्री का पद भी सौंपा गया लेकिन मंत्री बनने के बाद तेजी से उनका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा उन्हें इलाज के लिए दिल्ली जाना पड़ा। वहां लंबे समय तक उनका इलाज हुआ लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। गोपालगंज सीट सुभाष सिंह के निधन के बाद से खाली है।

